देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 178 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...आतंक पर केंद्र का बड़ा प्रहार



देहरादून, बुधवार, 21 अगस्त 2019

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 22.0° | 37328.01

2 जाकिर नाइक पर कसा शिकंजा

7 विराट कोहली के लिए मुश्किल टास्क

## संक्षिप्त समाचार

### शहला राशिद के दावे पर सरकार भी सख्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। जेएनयू की कश्मीरी छात्रा शहला राशिद अपने भड़काऊ ट्वीट को लेकर केंद्र सरकार के निशाने पर भी आ गई हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बेहद सख्त अंदाज में कहा कि ऐसे लोगों को कुचलने की जरूरत है जो देश की बर्बादी और इसके टुकड़े करने की सोच रखते हैं। रेड्डी ने एक निजी टीवी चैनल के संवाददाता के सवाल पर कहा, श्जो भारत की बर्बादी की बात करते हैं, भारत तोड़ने की बात करते हैं, अफजल गुरु के बारे में बात करते हैं, ऐसी जो भी शक्तियां हैं उनको कुचलना चाहिए। ऐसे लोगों के लिए भारत में कोई स्थान नहीं है। शहला के खिलाफ शिकायत पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल जांच कर रही है।

### मलयेशिया की सख्ती पर ढीली पड़ी जाकिर की अकड़, मांगी माफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
कुआलालंपुर। मलयेशिया सरकार की सख्ती के आगे विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक की अकड़ ढीली हो गई है। हिंदुओं और चीनियों को लेकर दी गई भड़काऊ टिप्पणी पर उसने माफी मांग ली है। मलयेशिया पुलिस ने उसकी हरकत को देखते हुए सार्वजनिक रूप से उसके उपदेश देने पर रोक लगा दी है।

### लाल चौक पर लगे बैरिकेड हटाए गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीनगर। श्रीनगर शहर के व्यावसायिक केंद्र लाल चौक पर घंटाघर के आसपास लगे बैरिकेड को 15 दिनों के बाद मंगलवार को हटा लिया गया। इस व्यावसायिक केंद्र पर लोगों और वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी गई। कुछ इलाकों में पाबंदियों में छूट दी गई, जबकि कुछ अन्य में जारी रही। सोमवार को फिर से खुले अधिकांश प्राथमिक विद्यालयों में कोई छात्र नहीं दिखा, लेकिन सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति में सुधार हुआ।

# पी. चिदंबरम ही मुख्य साजिशकर्ता

■दिल्ली हाई कोर्ट से झटका, अग्रिम जमानत की याचिका खारिज

## हाई कोर्ट का कहना है कि सही जांच के लिए चिदंबरम से हिरासत में पूछताछ जरूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने आईएनएक्स मीडिया केस में चिदंबरम को ही इस मामले में मुख्य षड्यंत्रकारी माना है। दिल्ली हाई कोर्ट ने चिदंबरम की अग्रिम जमानत को खारिज करते हुए कहा, तथ्य इस तरफ इशारा करते हैं कि इस मामले में चिदंबरम ही किंगपिन हैं। इस फैसले के बाद चिदंबरम पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है।

ईडी और सीबीआई ने चिदंबरम को अग्रिम जमानत दिए जाने का विरोध किया था। हाई कोर्ट के फैसले के बाद चिदंबरम के वकील सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं, जहां सीजेआई ने बुधवार को सीनियर जजों के सामने याचिका पेश करने को कहा है। अब यह कल तय होगा कि चिदंबरम की याचिका पर जल्द सुनवाई होती है या नहीं। आईएनएक्स मीडिया घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम को करारा झटका लगा है। पूर्व वित्त मंत्री की अग्रिम जमानत की अर्जी दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। जस्टिस सुनील गौर ने चिदंबरम की याचिका को खारिज करने का फैसला सुनाया। कोर्ट ने 25 जनवरी को इस मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। याचिका खारिज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए चिदंबरम ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनकी लीग टीम आनन-फानन में सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। हाई कोर्ट के फैसले के बाद सीनियर वकील और कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने वकीलों की एक टीम के साथ उन संभावनाओं पर चर्चा की।



### हिरासत में पूछताछ करना जरूरी

फैसले में हाई कोर्ट ने कहा पहली नजर से देखने पर हाई कोर्ट को यह लगता है कि इस मामले में एक असरदार जांच के लिए चिदंबरम को हिरासत में लेकर पूछताछ करना बेहद जरूरी है। हाई कोर्ट के इस फैसले को चिदंबरम के साथ पूरी कांग्रेस पार्टी के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है।

**मनी लड्ड्रिंग का क्लासिक उदाहरणः** हाई कोर्ट ने बेहद कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह मनी लॉन्ड्रिंग का एक क्लासिक उदाहरण है। यदि आरोपी को जमानत दी जाती है तो इससे समाज में बेहद खराब संदेश जाएगा।

### क्या है मामला

यूपीए-1 सरकार में वित्त मंत्री के रूप में चिदंबरम के कार्यकाल के दौरान एफआईपीबी ने दो उपक्रमों को मंजूरी दी थी। आईएनएक्स मीडिया मामले में सीबीआई ने 15 मई 2017 को प्राथमिकी दर्ज की थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि वित्त मंत्री के रूप में चिदंबरम के कार्यकाल के दौरान 2007 में 305 करोड़ रुपये की विदेशी धनराशि प्राप्त करने के लिए मीडिया समूह को दी गई एफआईपीबी मंजूरी में अनियमितताएं हुईं। इसके बाद ईडी ने पिछले साल इस संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था।

## पाकिस्तान ने फिर तोड़ा सीजफायर, एक जवान शहीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में पाकिस्तान बीते एक हफ्ते से कई बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर चुका है। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के खिलाफ अभियान चलाने में असफल रहे पाकिस्तान ने अब नियंत्रण रेखा पर फिर से सीजफायर का उल्लंघन कर जम्मू-कश्मीर में अशांत करने का प्रयास किया है। भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में भारतीय सेना का एक जवान शहीद हो गया। पाकिस्तान ने सोमवार को सुबह 11 बजे से एक बार फिर नियंत्रण रेखा से सटे कृष्णा घाटी सेक्टर में भारी गोलाबारी कर तनाव पैदा करने की कोशिश की।

# संघ और केंद्र सरकार के मंसूबे खतरनाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आरएसएस का हौसला बढ़ा हुआ है और मंसूबे खतरनाक हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत आरक्षण पर बहस के बहाने कथित तौर पर सामाजिक न्याय पर निशाना साधना चाहते हैं।

दरअसल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बीते दिनों आरक्षण को लेकर एक बयान दिया था। उन्होंने

### आरक्षण के मसले पर प्रियंका गांधी ने साधा निशाना

एक कार्यक्रम में कहा था कि आरक्षण पर विमर्श की जरूरत है, जो लोग इसके पक्ष में हैं वह और जो विरोध में हैं वह अपनी बात रखें। संघ प्रमुख के इस बयान के सामने आते ही देश का राजनीतिक माहौल एकबार फिर गरमा गया है। प्रियंका गांधी के साथ साथ राजद नेता तेजस्वी यादव ने इस मुद्दे को लेकर संघ प्रमुख और सरकार पर निशाना साधा। तेजस्वी यादव ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर आरएसएस और भाजपा की मंशा ठीक नहीं है।



प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया, आरएसएस का हौसला बढ़ा हुआ है और मंसूबे खतरनाक हैं। जिस समय भाजपा सरकार एक-एक करके जनपक्षधर कानूनों का गला घोंट रही है। आरएसएस ने भी लगे हाथ आरक्षण पर बहस करने की बात उठा दी है। भाजपा और आरएसएस का असली निशाना सामाजिक न्याय है। लेकिन क्या आप ऐसा होने देंगे..?

### आरक्षण पर कोई बहस की जरूरत नहीं

भाजपा के सहयोगी और केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर किसी भी बहस की जरूरत नहीं है और यह समाज के कमजोर वर्गों का संवैधानिक अधिकार है। पासवान ने कहा कि आरक्षण संवैधानिक अधिकार है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई बार दोहराया है कि इसमें छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आरक्षण पर किसी तरह की बहस की जरूरत नहीं है।

# रामलला विराजमान ने दिया एएसआई का हवाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राम जन्मभूमि मामले में आठवें दिन की सुनवाई शुरू हो गई है। रामलला विराजमान की ओर से सीएस वैद्यनाथन ने एएसआइ का हवाला दिया। उन्होंने एएसआई की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें इस बात के प्रमाण मौजूद हैं कि विवादित ढांचे से पहले वहां हिंदू मंदिर था। वैद्यनाथन ने कोर्ट को आगे बताया कि साकेत मंडल के राजा गोविन्द चंद्र ने ग्यारहवीं शताब्दी मे अयोध्या मे विष्णु हरि का सुन्दर मंदिर बनवाया था जिसकी पुष्टि वहां से मिले एक शिलालेख से होती है जिसमें पूरा वर्णन है।

# चांद से बस चार कदम की दूरी पर चंद्रयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। 7 सितंबर 2019 रात के ठीक 1 बजकर 55 मिनट। सब ठीक रहा तो यह भारतीय अंतिरक्ष इतिहास की सबसे बड़ी तारीख होगी। इस दिन अपना चंद्रयान-2 चांद पर होगा। बुधवार को श्रीहरिकोटा से लॉन्चिंग के 29 दिन बाद चंद्रयान ने सफर के सबसे मुश्किल पड़ावों में से एक को पार कर लिया। सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर वह चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया। चांद के 3 लाख 84 हजार किलोमीटर के सफर पर निकला चंद्रयान अब अपने मिशन से महज 18 हजार किलोमीटर दूर है।

**वो 15 मिनट जब थम जाएंगी धड़कनें:** इस मिशन के सबसे तनावपूर्ण क्षण चांद पर विक्रम की लैंडिंग से पहले के 15 मिनट होंगे। यानी 7 सितंबर की रात 1 बजकर 55 मिनट से पहले तनाव अपने चरम पर होगा। खुद भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के चीफ के सिवन ने कहा है कि लैंडिंग के अंतिम 15 मिनट बेहद चुनौतीपूर्ण रहेंगे क्योंकि उस दौरान हम ऐसा कुछ करेंगे जिसे हमने अभी तक कभी नहीं किया है।

### ऐतिहासिक घड़ी

7 सितंबर को रात 1.55 बजे चंद्रयान-2 चांद की सतह पर उतरेगा

### अब बस 18 हजार किलोमीटर का सफर बाकी

बुधवार को चंद्रयान-2 चांद की कक्षा में प्रवेश कर गया। मिशन से उसकी दूरी महज 18 हजार किलोमीटर रह गई है। अब उसे 20 अगस्त से 1 सितंबर के बीच चंद्रमा की चार और कक्षाओं को पार करना होगा। इसरो प्रमुख के सिवन ने बताया कि चंद्रयान-2 बुधवार को से चांद की चार कक्षाओं को पार करना शुरू करेगा।

### एक चूक से अंतरिक्ष में खो जाता चंद्रयान

चंद्रयान का अपनी कक्षा बदलना बेहद मुश्किल पड़ाव था। वैज्ञानिकों के मुताबिक चंद्रयान-2 को चंद्रमा पर स्थापित करने के लिए सैटलाइट को एक निश्चित गति से चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करना था। अगर उसकी रफ्तार तेज होती तो वह चंद्रमा की कक्षा से बाहर चला जाता और फिर गहरे अंतरिक्ष में खो जाता। अगर सैटलाइट की रफ्तार धीमी होती तो चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल चंद्रयान-2 को अपनी कक्षा में खींच सकता था, लेकिन चंद्रयान-2 ने बेहद सटीकता के साथ चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in